प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांक : 23.12.2025 समय : 01:00 पी.एम.

000000

राष्ट्रीय किसान दिवस आज देशभर में मनाया जा रहा है। आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की 123वीं जयंती है। इस दिन को राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चौधरी चरण सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उन्होंने अपना जीवन समाज के वंचित वर्गों के कल्याण के साथ–साथ कृषि की प्रगति और किसानों की समृद्धि के लिए समर्पित किया था। राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी है। राष्ट्रीय किसान दिवस पर आज प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी कडी में नागौर के मेड़ता सिटी के डांगावास में आज राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन रखा गया है। सम्मेलन का उद्‍घाटन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और केन्द्रीय ग्रामीण विकास, कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में 2 हजार करोड़ रुपये से अधिक की स्वीकृति के साथ राज्य परियोजनाओं में किसानों को 1 हजार 200 करोड़ रुपये का हस्तांतरण भी किया जायेगा। सम्मेलन में प्रदेश भर से 25 हजार से अधिक किसान शामिल होंगे। सभी जिलों में भी किसान सम्मेलन रखे गये है। इन कार्यक्रमों में राज्यस्तरीय सम्मेलन का सजीव प्रसारण किया जायेगा।

जयपुर के पिंकसिटी प्रेस क्लब में आयोजित कार्यक्रम में किसानों के अधिकार, कृषि सुधार, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और किसान कल्याण से जुड़े मुद्दों पर विचार–विमर्श किया जाएगा। इसी कडी में आज सुबह झुंझुनूं में चौधरी चरण सिंह विचार मंच की ओर से प्रभात फेरी निकाली गई।

00000

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग–सीएक्यूएम ने सर्दी के मौसम में वायु प्रदूषण के नियंत्रण की तैयारियों की समीक्षा की और पराली जलाने पर अंकुश लगाने में महत्वपूर्ण प्रगति का संकेत दिया। 26वीं बैठक के दौरान आयोग ने ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान–ग्रैप के कार्यान्वयन के ढांचे की समीक्षा की। आयोग ने एकीकृत निगरानी और प्रवर्तन प्रयासों के कारण पराली जलाने की घटनाओं में हुई महत्वपूर्ण कमी का उल्लेख किया। 2021 की तुलना में दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पराली जलाने की घटनाओं में लगभग 92 प्रतिशत की कमी हुई है। सीएक्यूएम ने समय–सीमा समाप्त हो चुकी गाड़ियों पर हाल के न्यायालय आदेशों के अनुपालन की भी समीक्षा की। आयोग ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद बीएस–प्ट और बाद के उत्सर्जन मानकों वाले वाहनों के लिए दंडात्मक कार्रवाई से सुरक्षा जारी है जबकि अत्यधिक प्रदूषण फैलाने वाले बीएस–प्प्प और निम्न उत्सर्जन मानक वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने पर लगी पाबंदियां हटा दी गई हैं।

00000

जयपुर में आज जिलास्तरीय युवा महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। ये महोत्सव युवा बोर्ड द्वारा शिक्षा विभाग के माध्यम से आयोजित हो रहा है। जिला मुख्य शिक्षा अधिकारी दीपक शुक्ला ने बताया कि कल संभाग स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। श्री शुक्ला ने बताया कि युवा महोत्सव का उद्देश्य प्रदेश की उभरती हुई प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच उपलब्ध कराना है, ताकि उनकी कला को पहचान मिल सके और वे भविष्य में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रोशन कर सकें। इस आयोजन के माध्यम से युवाओं में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और सांस्कृतिक चेतना का विकास होगा।

00000

आगामी 26 दिसंबर को देशभर में वीर बाल दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर सिख गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह के पुत्र साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत की याद में भारतीय जनता पार्टी प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष और वीर बाल दिवस कार्यक्रम प्रदेश समन्वयक सरदार सुरेंद्रपाल सिंह टीटी ने बताया कि पार्टी द्वारा मंडल से लेकर प्रदेश स्तर तक विशेष सभाओं का आयोजन किया जाएगा, इसके साथ ही स्थानीय गुरुद्वारों में शबद कीर्तन, मंडल और जिला स्तर पर प्रभात फेरियों का आयोजन भी किया जाएगा। जयपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ सहित पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

00000

प्रदेशभर में तापमान में उतार चढाव देखने को मिल रहा है। वहीं कई जिलों में घना कोहरा छाये रहने से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। कोहरे के कारण दृश्यता काफी कम बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में राज्य में सबसे कम 8 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान चित्तौडगढ में दर्ज किया गया। वहीं फतेहपुर 8 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस, अलवर 8 दशमलव 8, सिरोही में 9 दशमलव 1, करौली और दौसा में 9 दशमलव 4, बारां के अंता में 9 दशमलव 5 राजधानी जयपुर में 14 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य के उत्तरी पूर्वी भागों में आज और कल कहीं कहीं हल्का, मध्यम, एक–दो स्थानों पर घना कोहरा छाने और न्यूनतम तापमान में 2–4 डिग्री की गिरावट होने की संभावना है।

0000

महिला क्रिकेट में, भारत और श्रीलंका के बीच पांच मैचों की टी–20 श्रृंखला का दूसरा मैच आज विशाखापत्तनम में खेला जाएगा। मैच शाम 7 बजे शुरू होगा। मेजबान टीम ने श्रृंखला में 1–0 की बढ़त बना ली है। कप्तान हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने रविवार को खेले गए पहले टी–20 मैच में श्रीलंका को आठ विकेट से हराया था।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 दिसम्बर को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 129वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 26 दिसम्बर तक स्वीकार किए जाएंगे।

0000